दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शनिवार, 2 नवम्बर 2019

के एंड आर फैशन शो आज, हिस्सा लेंगे नामीं मॉडल

सॉलिटेयर गार्डन में शाम 6 बजे से होगा शौ

ब्यूरो नवज्योति । उदयपुर

फैशन नवाचारों की प्रस्तुति, डिजाइनिंग के आधुनिकतम रूप को राष्ट्रीय स्तर के मॉडल के जरिए प्रस्तुत करने के लिए शनिवार को 'अविन्स', के एंड आर फैशन शो होगा। सॉलिटेयर गार्डन में शाम 6 बजे से होने वाला यह शो फैशन जगत के नामचीन डिजाइनर दक्ष बुला और ऐश्वर्या कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट के साझे में होगा। यह जानकारी शुक्रवार को हुई प्रेसवार्ता में शो के मुख्य आयोजक सुरेश बुला ने दी। बुला ने बताया कि शो का मुख्य उद्देश्य फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कार्यरत शहर की प्रतिभाओं के परिधानों को प्रदर्शित करना है। शो में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और मुंबई के नामचीन फैशन डिजाइनर शिरकत करेंगे और अपने द्वारा बनाए गए परिधानों को प्रदर्शित करेंगे। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ ग्रुप की निदेशिक डॉ सीमा सिंह ने बताया कि शो के माध्यम से फैशन के क्षेत्र में अपना भविष्य तराशने वाले युवाओं को नया अनुभव देखने को मिलेगा। इसके माध्यम से वह आश्वस्त होंगे की फैशन की दुनियां में नीत नए आयाम स्थापित होते है। इस दौरान अविन्स ग्रुप के निदेशक रोहित मोटावत भी उपस्थित थे।